निबंधन एवं शर्तें

वरिष्ठ परामर्शदाता-क्षमता निर्माण (2 पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतः संविदात्मक आधार पर उपर्युक्त पद हेतु राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एनयूएचएम) के कार्य हेतु योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन–पत्र आमंत्रित करता है।

भूमिका और उत्तरदायित्वः

- एनयूएचएम के तहत मानव संसाधन हेतु क्षमता निर्माण कार्यनीति व कार्यक्रम विकसित करना।
- राज्य स्तर पर मांग शामिल करते हुए वार्षिक क्षमता विकास योजना हेतु गतिविधियों व लागत की योजना बनाना।
- राज्यों और यूएलबी में प्रशिक्षण आवश्यकता मूल्यांकन आयोजित करने में सहायता करना।
- प्रशिक्षण आवश्यकता मूल्यांकन के आधार पर क्षमता निर्माण में पहल करने के लिए राज्यों की सहायता करना।
- लागत सहित क्षमता विकास हेतु विभिन्न प्रस्तावों का मूल्यांकन करना।
- द्विपक्षीय करारों सहित क्षमता विकास गतिविधि आयोजित करने में साझेदार संसाधन संगठनों जैसे कि एनआईएचएफडब्ल्यू, एसआईएचएफडब्ल्यू, राज्य स्तरीय संस्थानों के साथ समन्वय करना।
- क्षमता विकास गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने के लिए उपयुक्त उपकरणों (उदाहणार्थ समझौता ज्ञापन, संविदा के साथ-साथ क्षमता विकास आवश्यकताओं को एकत्र करने के लिए पीआईपी हेतु अतिरिक्त टेमप्लेट्स) विकसित करना।
- प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के लिए संसाधनों/साझेदारों को जागरूक करना।
- अन्य कार्यक्रम प्रभागों और प्रशिक्षण/एजेसिंयों के परामर्श से प्रशिक्षण मॉड्यूल के विकास में समन्वयन करना।
- कार्यशाला और कार्यक्रम गतिविधियों पर आधारित प्रशिक्षण के आयोजन में राज्यों को व्यावहारिक सहायता प्रदान करना।
- राज्यों/जिलों/शहरों में उनकी प्रभावकारिता सहित प्रशिक्षण की प्रक्रिया और क्षमता निर्माण प्रयासों की निगरानी व मूल्यांकन करना।
- क्षमता विकास प्रयासों की समीक्षा हेतु राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों और जिलों का आवधिक क्षेत्रीय दौरा करना और इन चुनौतियों से उबरने के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की सहायता करना।
- क्षमता विकास के संबंध में राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के कार्यक्रम, कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) की मूल्यांकन की जिम्मेदारी। अंतिम पीआईपी के संशोधन व प्रस्तुतिकरण हेतु अपेक्षानुसार राज्यों के लिए मानदंड की व्यापकता सुनिश्चित करने और इनपुट प्रदान करने के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ संपर्क स्थापित करना।
- अन्य कार्ययोजना आयोजित करना जो रिपोर्टिंग प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर दी जाएगी।

पात्रता:

- मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से एमपीएच / एमबीए / पीजीडीएम (स्वास्थ्य या अस्पताल प्रबंधन) / स्वास्थ्य प्रबंधन में स्नातकोत्तर अथवा समकक्ष।प्रशिक्षण एवं विकास/मानव संसाधन प्रबंधन में डिप्लोमा अथवा प्रमाण पत्र कार्यक्रम वांछनीय होगा ।

- योग्यता प्राप्ति के पश्चात जन स्वास्थ्य/स्वास्थ्य, मानव संसाधन प्रशिक्षण एवं प्रबंधन, स्वास्थ्य संबंधी परियोजनाओं में बड़े स्तर पर क्षमता विकास प्रयासों का विकास व समन्वयन, राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर विभिन्न जन स्वास्थ्य/स्वास्थ्य परिचर्या संवर्गों का प्रशिक्षण आयोजन, अन्य सामाजिक क्षेत्र अथवा जन स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रमुख तकनीकी संसाधन संगठनों के साथ कार्य करनेका न्यूनतम पांच वर्ष का अनुभव। राज्य स्तरीय अनुभव पर विचार किया जाएगा और यह वांछनीय है। संबंधित क्षेत्र में कार्य अनुभव को तरजीह दी जाएगी।
- सामान्यतः उपयोग होने वाले पैकेज, एमएस वर्ड, एक्सल, पावर प्वाइंट में उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में निपुणता।
- बेहतर संप्रेषण और प्रस्तुति कौशल, विश्लेषण व अंतर वैयक्तिक क्षमता, अंग्रेजी बोलने और लिखने में दक्षता।
- बहु विषयी दल परिवेश में कार्य करने हेतु प्रदर्शनात्मक कुशलता।
- समयबद्ध रूप से तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्य और जिलों में दौरे करने की इच्छा और विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य करने हेतु क्षमता।

पारिश्रमिक श्रेणीः 90,000 रु. से 1,50,000 रु. प्रतिमाह के बीच

आयुः आवेदन प्राप्त करने की तारीख को ऊपरी आयु सीमा 50 वर्ष है।

आवेदन करने के लिए:
अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **29-Dec-2018** तक nuhm.recruitments@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।